
# अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की हिंदी पखवाड़ा 2022 पर संक्षिप्त रिपोर्ट

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा प्राप्त दिशा-निर्देशों के अनुसरण में सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रगामी प्रयोग बढ़ाने और समस्त सांविधिक व कानूनी उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने की दृष्टि से इस मंत्रालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हिन्दी पखवाड़े का आयोजन दिनांक 14 सितंबर से 30 सितंबर तक सफलतापूर्वक किया गया।

इस बार हिंदी पखवाड़े का आरंभ सूरत में आयोजित हिंदी दिवस 2022 तथा द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन से हुआ जिसमें मंत्रालय के कुल तीन पदाधिकारियों ने भाग लिया। मंत्रालय के पदाधिकारियों ने दिनांक 14 व 15 सितम्बर, 2022 को आयोजित समारोह में अपनी पूर्णत: भागीदारी सुनिश्चित की तथा उनका समारोह में आयोजित कार्यक्रमों का अनुभव भी शानदार रहा। ऐसे आयोजनों से न केवल राजभाषा का प्रचार-प्रसार बढ़ता है अपितु सरकारी कार्यालयों के अलावा आम लोगों में हिंदी के प्रति लोगों का प्रेम व प्रयोग बढ़ता है। आयोजित कार्यक्रमों में मंत्रालय की प्रतिभागिता की कुछ झलकियां:-





सूरत में आयोजित हिंदी दिवस 2022 तथा द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में मंत्रालय की प्रतिभागिता के साथ-साथ मंत्रालय में भी हिंदी दिवस 2022 का अनुपालन सुनिश्चित किया गया। इस दौरान गृह मंत्री के हिंदी संदेश को मंत्रालय के प्रत्येक अनुभाग को अग्रेषित किया गया तथा सूरत में आयोजित हिंदी दिवस समारोह के दौरान गृह मंत्री द्वारा दिए गए वक्तव्यों को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रसारित किया गया।

हिंदी पखवाड़ा 2022 के दौरान मंत्रालय में कुल 10 प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। परंपरागत प्रतियोगिताओं के अलावा इस बार मंत्रालय में 'आजादी का अमृत महोत्सव' थीम को ध्यान में रखते हुए कुछ अन्य प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। आयोजित की गई प्रतियोगिताओं का प्रतियोगिता-वार विवरण संक्षेप में निम्नानुसार है:-

1. **हिंदी निबंध लेखन प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 16.09.2022 को हुआ। 'आजादी का अमृत महोत्सव' थीम को ध्यान में रखते हुए इस बार निबंध लेखन के विषयों में कामकाजी स्त्री के रूप में नारी की बदलती भूमिका व नई चुनौतियां, भारत की अंतर्राष्ट्रीय स्थिति तथा छवि, तकनीकी शिक्षा के युग में शिक्षा के नैतिक पक्ष की प्रासंगिकता और नई पीढ़ी में अपने देश के गौरवशाली इतिहास, संस्कार, अच्छे मूल्य को आत्मसात करने के प्रयास इत्यादि को शामिल किया


गया। शामिल किए गए विषयों पर प्रतिभागियों की प्रतिक्रिया भी सराहनीय रही और प्रतिभागियों ने बहुत ही सुन्दर ढंग से अपने विचारों को व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 18 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-






2. **हिन्दी टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 19.09.2022 को हुआ। सरकारी कार्यों से संबंधित टिप्पणी लेखन, पत्र लेखन, अ.शा. पत्र का मसौदा, जारी किए जाने वाले पत्रों का मसौदा सहित हिंदी से अंग्रेजी व अंग्रेजी से हिंदी वाक्यांश परिवर्तन इत्यादि विषयों को इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-






3. **अल्पसंख्यक समुदाय के स्वतंत्रता सेनानी के संबंध में संक्षिप्त जीवनी/लेख प्रतियोगिता** - 'आजादी का अमृत महोत्सव' तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के संदर्भ में इस बार एक नई प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20.09.2022 को किया गया। सभी अल्पसंख्यक समुदायों के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानियों के स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान विषय पर प्रतिभागियों को अपने विचार व्यक्त करने हेतु जीवनी/लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुल 12 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। यह प्रतियोगिता प्रतिभागियों के लिए एक नई तरह की प्रतियोगिता थी। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-





4. **कंप्यूटर पर हिंदी टंकण प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 21.09.2022 हिंदी अनुभाग में किया गया। प्रतिभागियों को कंप्यूटर पर टंकण हेतु कुल 10 मिनट का समय दिया गया। कुल 04 शिफ्ट में यह प्रतियोगिता संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में कुल 19 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कुल 05 पुरस्कार प्रदान किए गए। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-

5. **चित्र पर आधारित स्लोगन प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 22.09.2022 को हुआ। देश के तत्कालीन मुद्दे जैसे कि महिला सशक्तीकरण, पोषण माह, आत्मनिर्भर भारत, डिजीटल हिंदी के बढ़ते दायरे, हुनर हाट इत्यादि विषयों से संबंधित चित्रों को इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया और प्रतिभागियों को किन्ही तीन चित्रों का चयन कर उन पर 2 से 4 पंक्तियों में स्लोगन लिखने को दिया गया। प्रतिभागियों ने स्लोगन के रूप में अपने सुंदर विचारों को व्यक्त किया। इस प्रतियोगिता में कुल 20 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-




6. **राजभाषा हिंदी का व्यावहारिक ज्ञान प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन 23.09.2022 को हुआ। प्रतियोगिता में हिंदी/अंग्रेजी प्रशासनिक शब्दावली का रूपांतरण, वाक्यांश, राजभाषा नियम तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की शब्दावली से संबंधित प्रश्नों को शामिल किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की उपस्थिति सबसे अधिक थी। कुल 33 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-




7. **सामान्य हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26.09.2022 को हुआ। प्रतियोगिता का आयोजन मंत्रालय के एमटीएस कर्मचारियों के लिए किया गया। सामान्य हिंदी ज्ञान से संबंधित रिक्त स्थानों की पूर्ति, विलोम शब्द, अनेक शब्दों के लिए एक शब्द, श्रुतलेखन इत्यादि विषयों को इस प्रतियोगिता में शामिल किया गया। प्रतियोगिता में कुल 11 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-





8. **स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 27.09.2022 को हुआ। स्वरचित कविता पाठ प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर कविता पाठ करना या इन विषयों में अनेकता में एकता, सर्व धर्म समभाव, स्ववतंत्रता का अभिमान, विश्व में बढ़ता पर्यावरण संकट, विशिष्ट भारतीय संस्कृति, अल्पसंख्यक का मुख्यधारा में समावेश, मेरा प्रेरणा स्रोत एवं यात्रा व संस्मरण विषय शामिल थे। सभी प्रतिभागियों ने उपर्युक्त विषयों पर अपनी स्वरचित कविता पर बहुत ही शानदार प्रस्तुति का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में श्रोताओं की संख्या भी सराहनीय थी। प्रतियोगिता में कुल 10 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां:-





9. **भाषण प्रतियोगिता** - इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 28.09.2022 को किया गया। 'आजादी का अमृत महोत्सव' के संदर्भ में भारत की प्रगति विषय पर प्रतिभागियों को अपने विचार 10 मिनटों में प्रस्तुत करने के लिए कहा गया। इस शीर्षक से प्रतिभागियों को पहले ही अवगत करा दिया गया था। भाग लेने वाले प्रत्येक प्रतिभागियों ने उक्त शीर्षक पर अपने शानदान विचार व्यक्त किए। इस प्रतियोगिता में भी श्रोताओं की संख्या सराहनीय थी। कुल 08 प्रतिभागियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता की कुछ झलकियां :-






10. **सितम्बर माह में मूलरूप से हिंदी में कार्य करने की प्रतियोगिता** - यह प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष अनुभाग स्तर पर आयोजित की जाती है जिसमें सितम्बर माह के दौरान मूलरूप से हिंदी में सर्वाधिक कार्य करने वाले अनुभाग को 'चल वैजयंती' शील्ड प्रदान किया जाता है। पिछले वर्ष यह शील्ड नई रोशनी अनुभाग को उनके द्वारा सर्वाधिक कार्य हिंदी में करने हेतु प्रदान किया गया था। 2022 के लिए इस प्रतियोगिता हेतु कुल 03 प्रविष्टियां (सामान्य प्रशासन, नई रोशनी तथा छात्रवृत्ति अनुभाग) प्राप्त हुई थी। तीनो अनुभागों का कार्य सराहनीय था। **छात्रवृत्ति अनुभाग** को सितम्बर माह में उनके द्वारा किए गए सर्वाधिक व मूल हिंदी कार्यों के लिए विजेता चुना गया और इस वर्ष के लिए 'चल वैजयन्ती शील्ड' के हकदार छात्रवृत्ति अनुभाग है।

**हिंदी पखवाड़ा 2022 के दौरान मंत्रालय द्वारा की गई कुछ अन्य गतिविधियां** - सूरत में आयोजित हिंदी पखवाड़ा 2022 तथा द्वितीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन में मंत्रालय की प्रतिभागिता, प्रतियोगिताओं के आयोजन के अलावा मंत्रालय द्वारा कुछ अन्य गतिविधियां भी की गईं जो इस प्रकार हैं:-

**(क) पुस्तक प्रदर्शनी** - मंत्रालय में दिनांक 16 से 28 सितम्बर, 2022 के दौरान आयोजित की गई प्रत्येक प्रतियोगिताओं के दिन 'मंथन' कक्ष के बाहर हिंदी पुस्तकों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस पुस्तक प्रदर्शनी से मंत्रालय के अधिकारी/कर्मचारी पुस्तकों की उपलब्धता से अवगत हो पाए और अधिकांश कार्मिकों ने पुस्तकों को पढ़ने के लिए जारी करवाया। पुस्तक जारी करवाने का कार्य अभी भी प्रगति पर है।





**(ख) डिजीटल डिस्पले बोर्ड** - मंत्रालय की लिफ्ट लॉबी में उपलब्ध डिजीटल डिस्प्ले बोर्ड में दिनांक 14 से 30 सितम्बर, 2022 तक प्रत्येक दिन 'आज का शब्द' डिस्प्ले करवाया गया। इसके अलावा


आयोजित की गई प्रत्येक प्रतियोगिताओं के अगले दिन संबंधित प्रतियोगिताओं की छवि को डिस्प्ले बोर्ड के माध्यम से प्रदर्शित किया गया।

**(ग) फूलों की सुन्दर रंगोली -** "हिंदी दिवस 2022'' के दौरान हिंदी दिवस के संदर्भ में मंत्रालय की महिला कर्मियों के द्वारा लिफ्ट लॉबी तथा मंथन कक्ष के बाहर फूलों की सुन्दर रंगोली की रचना की गई। रंगोली की झलकियां :-





**(घ) हिंदी कार्यशाला -** हिंदी पखवाड़ा 2022 के दौरान प्रतियोगिताओं के आयोजन, हिंदी बैठक तथा समापन समारोह के आयोजन की व्यस्तता के कारण हिंदी कार्यशाला का आयोजन पखवाड़े के दौरान न होकर दिनांक 20.10.2022 को अपराह्न 3.00 से 5.30 बजे तक हुआ। कार्यशाला में व्याख्यान देने हेतु केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली में कार्यरत श्री नरेश कुमार, उप निदेशक (राजभाषा) को आमंत्रित किया गया। कार्यशाला का विषय 'सरल हिंदी में टिप्पण एवं मसौदा लेखन' तथा 'हिंदी की तिमाही प्रगति रिपोर्ट कैसे भरें' रखा गया। कार्यशाला में कुल 27 अधिकारियों/कर्मचारियों ने भाग लिया। अतिथि वक्ता ने अपने वक्तव्य के माध्यम से विषय की बारीकियों से उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को अवगत करवाया। उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों ने भी पूरे मनोयोग से तथा गंभीरतापूर्वक अतिथि वक्ता की बातों को सुना और महत्वपूर्ण बिंदुओं को नोट भी किया। कुल मिलाकर कार्यशाला रूचिकर और व्यावहारिक रहा और सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। हिंदी कार्यशाला की कुछ झलकियां:-






सचिव (अ.का.) की अध्यक्षता में अत्यंत गरिमामयी उपस्थिति में "हिन्दी पखवाड़ा 2022'' का समापन दिनांक 30.09.2022 को सम्पन्न हुआ। सचिव महोदय के कर कमलों से विजयी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिन प्रतिभागियों को कोई पुरस्कार प्राप्त नहीं हुआ उन्हें एक-एक पौधा प्रदान किया गया। सचिव महोदय ने उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को संबोधित करते हुए **हिन्दी भाषा**

के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा भारत सरकार द्वारा राजभाषा हिन्दी के प्रयोग के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए निरंतर प्रयास करने हेतु प्रेरित किया। समापन/पुरस्कार वितरण समारोह से संबंधित कुछ झलकियां:-








सभी प्रतियोगिताओं में प्रतिभागियों की उपस्थिति सराहनीय रही। प्रतियोगिताओं, बैनर, फूलों की रंगोली, पुस्तक प्रदर्शनी तथा समापन समारोह इत्यादि के माध्यम से पूरे मंत्रालय के सभी कर्मियों को हिन्दी पखवाड़े के उत्सव में सम्मिलित किया गया। साथ ही सभी कर्मियों से समस्त सरकारी कार्य हिन्दी में कर राजभाषा हिन्दी का मान-सम्मान बढ़ाने के लिए अनुरोध किया गया।

*****